कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 108 के साथ पठित कम्पनी (प्रबंधन और प्रशासन नियम), 2014 (यथा संशोधित) के नियम 20 एवं सेबी (सूचीबद्धता बाध्यताएँ और प्रकटीकरण अपेक्षाएँ) विनियम, 2015 (यथा संशोधित) के विनियम 44 तथा लागू परिपत्रों के अनुपालन में, कम्पनी अपने सदस्यों को, 64वीं एजीएम की सूचना में निर्दिष्ट व्यवसाय(ओं) के एजीएम में संपादित होने के सम्बन्ध में, नेशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेड (एनएसडीएल) – अधिकृत एजेंसी के माध्यम से, रिमोट ई–वोटिंग/के साथ एजीएम के दौरान ई–वोटिंग के द्वारा अपना वोट इलेक्ट्रॉनिक तौर पर डालने की सुविधा प्रदान कर रही है। डिमैटेरियलाइज्ड तौर पर, भौतिक तौर पर शेयर प्रतिरक्षित रखने वाले शेयरधारक एवं ऐसे शेयरधारक जिन्होंने अपना ईमेल पता पंजीकृत नहीं कराया है, हेतु ई–वोटिंग की प्रणाली एजीएम की सूचना में प्रदान की गई है। ई–वोटिंग हेतु लॉगिन विवरण सदस्यों को उनके पंजीकृत ईमेल पते पर उपलब्ध कराया गया है।

कम्पनी के सदस्यों का रजिस्टर एवं शेयर अंतरण पुस्तकें **शनिवार, 30 अगस्त, 2025** से **शुक्रवार, 5 सितम्बर, 2025 (दोनों दिवस सम्मिलित)** तक एजीएम के उद्देश्य से बंद रहेंगे।

**शुक्रवार, 29 सितम्बर, 2025 की कट–ऑफ तिथि** के अनुसार, भौतिक रूप में या डीमैटेरियलाइज्ड रूप में शेयर प्रतिरक्षित करने वाले सदस्य, इलेक्ट्रॉनिक रूप से अपना वोट डाल सकते हैं। वह व्यक्ति जिसका नाम सदस्यों के रजिस्टर या कट–ऑफ तिथि **अर्थात् शुक्रवार, 29 सितम्बर, 2025** के अनुसार डिपॉजिटरियों द्वारा अनुरक्षित लाभार्थियों के रजिस्टर में दर्ज हो, केवल वही रिमोट ई–वोटिंग के साथ ही वार्षिक आम बैठक के दौरान वोटिंग की सुविधा प्राप्त करने हेतु अधिकृत होगा।

रिमोट ई–वोटिंग की अवधि **मंगलवार, 2 सितम्बर, 2025 को 9:00 बजे पूर्वाह्न आरम्भ होगी** तथा **बृहस्पतिवार, 4 सितम्बर, 2025 को 5:00 बजे अपराह्न समाप्त होगी**। इसके पश्चात् रिमोट ई–वोटिंग मॉड्यूल एनएसडीएल द्वारा निष्क्रिय कर दिया जाएगा। उक्त तिथि एवं समय के उपरान्त रिमोट ई–वोटिंग की अनुमति नहीं दी जाएगी।

सदस्यों के वोटिंग का अधिकार **कट–ऑफ तिथि अर्थात् शुक्रवार, 29 सितम्बर, 2025** को कम्पनी की प्रदत्त समता शेयर पूँजी में उनकी हिस्सेदारी के अनुपात में होगा। वह व्यक्ति जिसका नाम सदस्यों/लाभार्थियों के रजिस्टर में कट–ऑफ तिथि को दर्ज हो, केवल वहीं रिमोट ई–वोटिंग/एजीएम में ई–वोटिंग की सुविधा का लाभ उठाने हेतु अधिकृत होंगे और जो व्यक्ति कट–ऑफ तिथि को सदस्य नहीं हैं, उन्हें एजीएम की सूचना को जानकारी मात्र के उद्देश्य से व्यवहृत करना चाहिए।

यदि कोई व्यक्ति सूचना के प्रेषण के पश्चात् परन्तु **कट–ऑफ तिथि अर्थात् शुक्रवार, 29 सितम्बर, 2025** के पूर्व कम्पनी का सदस्य बनता है तो वह अपने डीमैट अकाउंट संख्या/फोलियो संख्या, पैन, नाम एवं पंजीकृत पते के उल्लेख सहित **evoting@nsdl.co.in** पर अनुरोध भेजकर लॉगिन आईडी और पासवर्ड प्राप्त कर सकता है। ऐसे सदस्य कम्पनी द्वारा 64वीं एजीएम की सूचना में निर्दिष्ट प्रक्रिया से, ई–वोटिंग निर्देशों का उपयोग करके अपने वोट डाल सकते हैं। हालांकि, जो सदस्य पहले से ही ई–वोटिंग हेतु एनएसडीएल के साथ पंजीकृत हैं, वे रिमोट ई–वोटिंग/एजीएम में ई–वोटिंग के माध्यम से अपना वोट डालने के लिए अपने मौजूदा यूजर आईडी और पासवर्ड का उपयोग कर सकते हैं।

ई–वोटिंग की सुविधा एजीएम में उपलब्ध कराई जाएगी एवं एजीएम में भाग लेने वाले सदस्य, जिन्होंने पहले से अपना वोट नहीं डाला है, 64वीं एजीएम सूचना में निर्दिष्ट व्यवसाय(ओं) पर अपना वोट इलेक्ट्रॉनिक रूप से डाल सकते हैं। जिन सदस्यों ने रिमोट ई–वोटिंग द्वारा अपना वोट डाला है, वे एजीएम में सम्मिलित हो सकते हैं, परन्तु एजीएम में पुनः अपना वोट डालने हेतु अधिकृत नहीं होंगे।

वे सदस्य, जिनका ईमेल पता एवं बैंक विवरण कम्पनी या उनके सम्बद्ध डिपॉजिटरी प्रतिभागी/ओं के साथ पंजीकृत नहीं है, उनसे अनुरोध है कि नीचे दिए गए चरणों का पालन करके अपना ईमेल पता एवं बैंक विवरण पंजीकृत करें:

| | |
|---|---|
| भौतिक शेयर धारिता के मामले में | कम्पनी के रजिस्ट्रार व ट्रांसफर एजेंट अर्थात् **एमसीएस शेयर ट्रान्सफर एजेंट लिमिटेड (यूनिटः आरएसडब्ल्यूएम लिमिटेड)** 179–180, डीएसआईडीसी, तृतीय तल, ओखला इंडस्ट्रियल एरिया, फेज–I, नई दिल्ली–110020 को फॉर्म **ISR-1** में सहायक दस्तावेजों सहित विधिवत हस्ताक्षरित अनुरोध पत्र भेजें या उसकी स्कैन की गई प्रति **helpdeskdelhi@mcsregistrars.com** पर ईमेल करें तथा ईमेल पता पंजीकृत करने हेतु निम्नलिखित विवरण प्रदान करें: **क)** फोलियो नंबर, **ख)** शेयरधारक का नाम, **ग)** ईमेल पता, **घ)** पैन कार्ड की प्रतिलिपि (स्वप्रमाणित), **ङ)** आधार की प्रतिलिपि (स्वप्रमाणित), **च)** शेयर प्रमाण पत्र की प्रतिलिपि (आगे व पीछे), **छ)** संपर्क नंबर<br>बैंक खाता विवरण अद्यतन करने के मामले में निम्नलिखित अतिरिक्त विवरण/दस्तावेज प्रदान करने की आवश्यकता हैः **क)** बैंक का नाम तथा शाखा जिसमें आप लाभांश प्राप्त करना चाहते हैं, **ख)** बैंक खाता प्रकार, **ग)** बैंक खाता संख्या, **घ)** MICR कोड संख्या, **ङ)** आईएफएससी कोड, एवं **च)** प्रथम शेयरधारक के नाम वाले रद्द किए गए चैक की प्रति |
| डीमैट शेयर धारिता के मामले में | कृपया अपने डिपॉजिटरी प्रतिभागी (डीपी) से संपर्क करें और अपने डीपी द्वारा सलाह दी गई प्रक्रिया के अनुसार अपना ईमेल पता तथा बैंक खाता विवरण अपने डीमैट खाता में पंजीकृत करें। |

कम्पनी के निदेशक मंडल ने ई–वोटिंग प्रक्रिया के निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से जांच हेतु श्री महेश कुमार गुप्ता, संव्यावसायिक कम्पनी सचिव (सदस्यता संख्या एफसीएस 2870), मेसर्स महेश कुमार गप्ता एंड कम्पनी, की संवीक्षक के तौर पर नियुक्ति की है।

परिणाम की घोषणा वार्षिक आम बैठक के समापन के दो दिवस के अन्दर, कम्पनी की वेबसाइट **www.rswm.in** पर, एनएसडीएल (रिमोट ई–वोटिंग/एजीएम के दौरान ई–वोटिंग सुविधा उपलब्ध कराने वाली एजेंसी) की वेबसाइट अर्थात् **www.evoting.nsdl.com** पर प्रदर्शित कर तथा स्टॉक एक्सचेंजों अर्थात् बीएसई लिमिटेड **www.bseindia.com** पर एवं नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड **www.nseindia.com** में फाइलिंग कर की जाएगी। इन्हें कम्पनी के पंजीकृत कार्यालय एवं कॉर्पोरेट कार्यालय के सूचना पट्ट पर भी प्रदर्शित किया जाएगा। मतों की अपेक्षित संख्या के शर्तानुरूप, प्रस्तावों को एजीएम की तिथि अर्थात् 5 सितम्बर, 2025 को पारित माना जाएगा।

किसी भी प्रश्न के मामले में, सदस्य **www.evoting.nsdl.com** के डाउनलोड अनुभाग में उपलब्ध शेयरधारकों हेतु 'फ्रीक्वेंटली आस्कड क्वेश्चनस'(FAQs)एवं शेयरधारकों हेतु ई–वोटिंग यूजर मैन्युअल संदर्भित कर सकते हैं अथवा टोल फ्री नंबर 022–4886 7000 एवं 022–4886 7000 पर फोन कर सकते हैं अथवा **evoting@nsdl.co.in** पर अनुरोध भेज सकते हैं। रिमोट ई–वोटिंग या ई–वोटिंग की सुविधा से जुड़ी किसी भी शिकायत हेतु, कृपया सुश्री पल्लवी म्हात्रे, वरिष्ठ प्रबंधक, एनएसडीएल को निर्दिष्ट ईमेल आईडीः **evoting@nsdl.co.in** से संपर्क करें।

मंडल के आदेशानुसार
कृते आर एस डब्ल्यू एम लिमिटेड
हास्ता/–
सुरेन्द्र गुप्ता
वी.पी. लीगल व कम्पनी सचिव
एफसीएस–2615

स्थानः नोएडा (उ.प्र.)
दिनांकः 12 अगस्त, 2025

# ट्रम्प टैरिफ से निर्यात निवेश सकल घरेलू उत्पाद के समक्ष चुनौती, लेकिन भारत मुकाबले में सक्षम

कुशाग्र

**अमेरिकी** टैरिफ वृद्धि से निश्चित रूप से शुरूआती दौर में भारत के निर्यात अमेरिका के संदर्भ में प्रभावित हो सकते हैं। रुपया कमजोर हो सकता है, क्योंकि रुपए की कमजोरी भारत के निर्यात को विश्व बाजार में और प्रतिस्पर्धी अवश्य बनाएगी और इसका शुरूआती दबाव देश की अर्थव्यवस्था पर भी देखने को मिल सकता है, लेकिन अमेरिकी नागरिकों के साथ भारत के संबंध इससे विचलित नहीं होंगे और वर्षों पुरानी मित्रता प्रभावित नहीं होगी। ऐसा विश्वास है कि क्योंकि यह निर्णय अमेरिका की आम जनता का नहीं है और यह निर्णय ट्रम्प अमेरिका के हित में नहीं ले रहे हैं। भारत-पाक युद्ध में शांति के प्रयास बेशक ट्रम्प ने कुछ किए होंगे, लेकिन युद्ध को रोकने का निर्णय भारत का रहा है, जब पाकिस्तान ने भारत से युद्ध रोकने की प्रार्थना की थी, लेकिन ट्रम्प इसका श्रेय लेना चाहते हैं और यह उनको नहीं मिल सका है। ट्रम्प विश्व स्तर पर नोबल शांति पुरस्कार प्राप्त करने की दौड़ में है। यह सार्वजनिक हो चुका है। ट्रम्प को यह श्रेय नहीं दिया जाना भारत के लिए तात्कालिक स्तर पर महंगा अवश्य सिद्ध हुआ है। चीन जो रूस से भारत की अपेक्षा अधिक तेल का आयात करता है, अमेरिका जो स्वयं रूस चीन से व्यापार करता है, बहुमूल्य धातुओं का आयात करता है उन पर शुल्क की दरें भारत से आधी लगाई गई है। यह स्पष्ट संदेश है कि ट्रम्प भारत से चिढ़े हुए हैं। दुनिया में यूरोपीय यूनियन रूस से सर्वाधिक गैस तेल का आयात करता है, लेकिन यूरोपीय यूनियन के साथ अमेरिका 20 प्रतिशत शुल्क पर समझौता कर चुका है। यह विशुद्ध रूप से भारत के विरुद्ध बदले की कार्यवाही सोची समझी साजिश है, लेकिन भारत को इससे विचलित होने की आवश्यकता नहीं है। हाल ही में राजस्थान के निर्यातकों ने स्पष्ट संदेश दिया है कि वह घबराने वाले नहीं है। भारत सरकार ने भी स्पष्ट किया है कि भारत नए बाजारों में भारत की ब्रांड का विकास व विस्तार करेगी।

आर्थिक विशेषज्ञों ने हालांकि कहा है कि अमेरिका के अधिक शुल्क का प्रतिकूल असर भारत की अर्थव्यवस्था पर सकल घरेलू उत्पाद पर देखने को मिल सकता है और भारत की अर्थव्यवस्था का 0.4 प्रतिशत से प्रभावित हो सकती है, लेकिन वैकल्पिक बाजारों के साथ निर्यात की संभावना बढ़ने से यह कमी की क्षतिपूर्ति संभव होगी। इसमें संदेह नहीं है। भारत रूस से अपनी 30 प्रतिशत से अधिक आवश्यकता का तेल आयात कर रहा है और इस आयात से वर्ष के दौरान भारत को 9 बिलियन डॉलर की बचत होने की संभावना है। मॉर्गन स्टेनले ने कहा है कि 50 प्रतिशत शुल्क अगर एक वर्ष तक जारी रहता है तो भारत की अर्थव्यवस्था पर 0.30 से 0.40 प्रतिशत तक दबाव बढ़ सकता है। गोल्डमेन सेच ने 0.25 से 0.30 प्रतिशत कमी का आंकलन किया है। नोमूरा ने कहा है कि यह प्रभाव केवल 0.25 प्रतिशत तक सीमित रहेगा, लेकिन राष्ट्रपति पुतिन भारत आ रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी स्वयं SCO सम्मेलन में भाग लेने के लिए चीन जा रहे हैं, जहां उनकी चीनी नेताओं से भी बातचीत होगी, लेकिन ऐसा नहीं है कि भारत के नए दरवाजे नए निर्यात केन्द्रों की स्थापना भविष्य में नहीं होगी। जिन देशों के साथ भारत का स्वतंत्र व्यापार समझौता हो चुका है और जिनके साथ विचाराधीन है, उसके क्रियान्वयन से इस क्षति की पूर्ति संभव हो सकेगी। निश्चित रूप से ट्रम्प ने वियतनाम पर 20 प्रतिशत, बांग्लादेश पर 20 प्रतिशत, थाईलेंड पर 19 प्रतिशत शुल्क आरोपित करेने की घोषणा की है, लेकिन इनमें से कुछ देश टेक्सटाइल के कच्चे माल के आयात पर भारत पर भी निर्भर है। निश्चित रूप से 50 प्रतिशत शुल्क के कारण निर्यात तात्कालिक स्तर पर प्रभावित होंगे, लेकिन ऐसे हालात में भारत के रत्न आभूषण टेक्सटाइल उद्योग को कम लाभ पर व्यापार करना पड़ सकता है तो सरकार को इस संकट का मुकाबले करने के लिए अवश्य ही निर्यात प्रोत्साहन पीएलआई योजना में वृद्धि की तैयारी करनी होगी। भारतीय रुपए के विनियम मूल्य को और कम स्तर पर लाना होगा ताकि भारत अपनी सामान्य प्रतिस्पर्धा क्षमता को बरकरार रख सके। विशेषज्ञों ने कहा है कि 27 अगस्त के पश्चात ट्रेड वेटेड शुल्क भारत से किए जाने वाले अमेरिकी निर्यात पर बढ़कर 35.6 प्रतिशत हो जाएगा जो आठ अगस्त से 20.6 प्रतिशत तक तथा वर्तमान में 11.6 प्रतिशत के स्तर पर है। वर्ष 2025 की शुरूआत में यह केवल 2.7 प्रतिशत के स्तर पर था।

वर्ष 2024-25 के दौरान भारत को कुल निर्यात अमेरिका के संदर्भ में 86 बिलियन डॉलर रहा है जो भारत के कुल सकल घरेलू उत्पाद का 2 प्रतिशत के लगभग है। अमेरिका की नई घोषणा के अनुसार भारत के कुल 67 प्रतिशत अमेरिकी निर्यात पर इस अतिरिक्त शुल्क का प्रभाव पड़ेगा। अर्थात 57 बिलियन डॉलर के निर्यात इस नई टैरिफ घोषणा से प्रभावित होंगे, जो भारत के सकल घरेलू उत्पाद के 1.5 प्रतिशत के बराबर है। इस शुल्क का मुकाबले करने के लिए निश्चित रूप से भारत को वैकल्पिक तैयारी करनी होगी और कुछ अमेरिकी निर्यातों को रुपए की कमजोरी व पीएलआई के सहयोग से समर्थन की आवश्यकता भी होगी तो भारतीय निर्यातकों को भी अपनी उत्पादन लागत में बचत के साथ कुछ लाभ में भी कटौती सहन तो करनी पड़ेगी, लेकिन यह हालात वैकल्पिक बाजारों के निर्माण व सृजन तक ही बने रहेंगे। इससे अमेरिका को भी नुकसान अवश्य होगा जो अमेरिका आज बेरोजगारी, बजट घाटे का सामना कर रहा है। उसके समक्ष मुद्रा प्रसार का संकट निश्चित रूप से बढ़ेगा, घाटा भी बढ़ेगा और उसके ऋण की लागत भी बढ़ेगी। अंत: उसका डॉलर भी कमजोर होगा। भारत सरकार को लंबित आर्थिक सुधारों में गतिशीलता लानी होगी। इस दिशा में सरकार के अधिकांश मंत्रालयों ने कार्य भी शुरू कर दिया है। प्रस्तावित डी रेग्युलेशन कमीशन की शुरूआत हो जानी चाहिए, जिसके अंतर्गत ऐसी पुरानी शर्तों व नियमों को समाप्त करना होगा जो व्यापार के विकास में बाधक रहे हैं।

देश के उद्यमियों ने भी इस संदर्भ में ब्रांड भारत के विकास पर बल दिया है। हर्ष गोयनका, वरुण बेरी, दिपेंद्र गोयल जैसे उद्यमियों ने कहा है कि भारत इस शुल्क वृद्धि का मुकाबले ब्रांड भारत के विकास के साथ कर सकता है। भारतीय ब्रांड को सहयोग मिलना चाहिए। ईज ऑफ डुइंग बिजनेस में और सुधार होना चाहिए। पर्यटन और बुनियादी ढांचागत विकास पर और अधिक ध्यान देने की आवश्यता है। ब्रिटानिया के वरुण बेरी, हर्ष गोयनका, आनंद महिन्द्रा, जोमाटो के दिपेंद्र गोयल, नादिर गोदरेज ने विश्वास व्यक्त करते हुए कहा कि भारत अपनी ब्रांड के विकास के साथ विश्व अर्थव्यवस्था में विशेष स्थान बना सकता है। भारत में विश्व की चमकती अर्थव्यवस्था बनने की क्षमता है। भारत में मजबूत ढांचागत सुविधाओं के साथ विश्वस्तरीय शहरों के विकास की क्षमता है, जहां व्यवसाय व पर्यटन का आकर्षण बढ़ने की संभावना है। भारत अमेरिका के बीच व्यापार समझौते को लेकर बातचीत की शुरूआत संभवत: तीसरे सप्ताह के अंत तक भारत में होने की संभावना है। सभी की निगाहें इस बातचीत पर भी केन्द्रित रहेगी। भारत ने स्पष्ट कर दिया है कि किसान मछुआरे के संदर्भ में समझौता राष्ट्रीय हितों के विरुद्ध ही होगा।

## हेल्थ ◆ सोसायटी ◆ एज्युकेशन

# पीछा किए जाने से महिलाओं में हृदय रोग और स्ट्रोक का खतरा 40 फीसदी से ज्यादा

**नई दिल्ली@आईएएनएस**

जिन महिलाओं का पीछा किया गया है, उनमें हृदय रोग और स्ट्रोक की संभावना 40 प्रतिशत से अधिक है। एक अध्ययन में यह चौंकाने वाला खुलासा हुआ। अमेरिकी रोग नियंत्रण एवं रोकथाम केंद्र द्वारा एकत्र किए गए अंतरंग साथी हिंसा के आंकड़ों के अनुसार, लगभग 3 में से एक महिला अपने जीवन में किसी न किसी मोड़ पर पीछा किए जाने का शिकार हुई है। अमेरिकन हार्ट एसोसिएशन की मुख्य मैगजीन सर्कुलेशन में प्रकाशित इस अध्ययन में कहा गया है कि महिलाओं के खिलाफ हिंसा के सामान्य रूपों, जैसे पीछा करना या पीछा करने के कारण उत्पीड़न, जैसे अवांछित पत्र प्राप्त करना, जो उन्हें भयभीत करते हैं, पर हृदय संबंधी शोध में शायद ही कभी चर्चा की जाती है।

अमेरिका के हार्वर्ड विश्वविद्यालय और कनाडा के ब्रिटिश कोलंबिया विश्वविद्यालय के शोधकर्ताओं ने बताया कि पीछा करने और हृदय रोग के बीच संबंध मनोवैज्ञानिक तनाव के कारण हो सकता है, जो तंत्रिका तंत्र को बाधित कर सकता है, रक्त वाहिकाओं के कार्य को बाधित कर सकता है और अन्य जैविक तंत्रों पर नकारात्मक प्रभाव डाल सकता है। इस शोध में यह भी पाया गया कि जिन महिलाओं ने सुरक्षा के लिए निरोधक आदेश प्राप्त किया, उन्हें हृदय रोग विकसित होने का जोखिम 70 प्रतिशत अधिक था। निरोधक आदेश एक कानूनी दस्तावेज है, जो पीड़ित और अपराधी के बीच संपर्क को सीमित करने का प्रयास करता है। निरोधक आदेश प्राप्त करना गंभीर हिंसा का संकेत माना जाता था।

इस शोध में औसतन 46 वर्ष की 66,000 से अधिक महिलाओं के आंकड़ों का अध्ययन हुआ, जो 2001 से 2021 तक प्रतिभागियों के बीच पीछा करने, निरोधक आदेशों और हृदय रोग या स्ट्रोक के विकास की शिकार हुईं। विश्लेषण में पाया गया कि कुल मिलाकर, अध्ययन में शामिल लगभग 12 प्रतिशत महिलाओं ने बताया कि उनका पीछा किया गया था, जबकि लगभग 6 प्रतिशत ने कहा कि उन्होंने निरोधक आदेश प्राप्त किया था। रिसर्च के 20 वर्षों के दौरान अध्ययन की गई सभी महिलाओं में से लगभग 3 प्रतिशत ने नए हृदय रोग या स्ट्रोक की सूचना दी।

इसमें पाया गया कि स्वास्थ्य और जीवनशैली संबंधी व्यवहार, दवाइयां, हेल्थ कंडिशन्स, बचपन में दुर्व्यवहार और अवसाद के लक्षणों जैसे अन्य स्व-रिपोर्ट किए गए हृदय संबंधी जोखिम कारकों के बावजूद, पीछा करने और निरोधक आदेशों से जुड़े दिल के दौरे और स्ट्रोक के बढ़ते जोखिम बने रहे। बोस्टन स्थित हार्वर्ड टीएच चान स्कूल ऑफ पब्लिक हेल्थ में महामारी विज्ञान की शोध सहयोगी रेबेका बी. लॉन ने कहा कि पीछा करना अक्सर हिंसा का एक ऐसा रूप माना जाता है, जिसमें शारीरिक संपर्क शामिल नहीं होता, जिससे यह कम गंभीर लग सकता है।

## समय की मांग

*शिविर लगे जिस दिन यहां, रक्तदान के अर्थ।*
*मानव कर उत्साह से, समझें दान न व्यर्थ।।*

**साभार** :- शारदा-नवल डागा

## आज का विचार

**अत्याचार और अन्याय का विरोध न करना, उसे बढ़ावा देना है।** - अज्ञात

नफा नुकसान
सम्पूर्ण व्यापारिक दैनिक

**स्वत्वाधिकारी कुशाग्र पब्लिकेशन्स प्रा. लि. के लिए मुद्रक व प्रकाशक जितेन्द्र कोठारी द्वारा 52-53, कल्याण कॉलोनी, मालवीया नगर, जयपुर-17 ( रजि. ऑफिस ) एवं 204, गौरव टॉवर मालवीया नगर, जयपुर-17 ( कार्यालय ) से प्रकाशित एवं कुशाग्र पब्लिकेशन्स प्रा. लिमिटेड, एसपीएल-4( ए ), सीतापुरा इण्डस्ट्रियल एरिया, जयपुर से मुद्रित।**

**सम्पादक:** वैभव कोठारी
(पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी)

**फोन:** 0141-4011152
0141-3518087
**ई-मेल :** info@nafanuksan.com

**डिसक्लेमर**

नफा नुकसान में प्रकाशित हर प्रकार के कंटेंट के जरिए पाठको को कारोबारी जगत में हो रहे घटनाक्रमों की जानकारी, विश्लेषण, सूचनाएं आदि देने का प्रयास रहता है। इनमें से कई बार ऐसे से कंटेंट का प्रकाशन भी हो सकता है जो नफा नुकसान के पास उपलब्ध जानकारियों से मेल नहीं खाता हो व अलग हो। इसलिए नफा नुकसान में प्रकाशित कंटेंट के आधार पर अगर कोई कैसा भी निर्णय करता है तो उसकी जिम्मेदारी नफा नुकसान नहीं लेता है। पाठक स्वयं अपने विवेक से ही निर्णय करें ऐसी अपेक्षा की जाती है। नफा नुकसान में जिन विज्ञापनों का प्रकाशन किया जाता है उनके बारे में यह स्पष्ट किया जाता है कि नफा नुकसान का किसी भी विज्ञापनदाता से विज्ञापन के अलावा अन्य कोई सारोकार नहीं है और न ही विज्ञापनों में दर्शाई सामग्री का कोई समर्थन नफा नुकसान द्वारा किया जाता है। विज्ञापनों से संबंधित किसी भी प्रकार के स्पष्टीकरण व दावे के लिए विज्ञापनदाता ही जिम्मेदार होगा। नफा नुकसान में प्रकाशित कंटेंट लेखकों, न्यूज एजेंसी व संपादकीय विभाग द्वारा उपलब्ध कराए जाते हैं जिनपर पूरी तरह से नफा नुकसान का सर्वाधिकार है। नफा नुकसान में प्रकाशित किसी भी तरह के कंटेंट का किसी भी व्यक्ति, संस्थान या अन्य द्वारा बिना नफा नुकसान की लिखित अनुमति के प्रकाशन व प्रसारण किया जाना गैर-कानूनी होगा।

# जयपुर क्लब में 'फ्लो बाजार' का आयोजन




**जयपुर@का.सं.।** फिक्की फ्लो, जयपुर अपनी विशेष एन्यूअल लाइफस्टाइल एक्जीबीशन फ्लो बाजार का आयोजन जयपुर क्लब में कर रहा है। एक दिवसीय इवेंट का उद्देश्य हैंडलूम, हस्तशिल्प, फैशन और संस्कृति को बढ़ावा देना है। शिल्पकला का प्रचार करने के लिये अधिकांश जयपुर से 55 स्टॉल्स सजाई जा रही है। फिक्की फ्लो जयपुर चैप्टर की चेयरपर्सन डॉ.रिम्मी शेखावत ने बताया कि सवेरे 10 बजे से रात 8 बजे तक फ्लो बाजार सजेगा। पांच के करीब स्टॉल्स बुनकरों, शिल्पकारों को दी गई है। उन्हें इस प्रकार से एक मंच प्रदान किया गया है। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार के सहयोग से एडब्लूडब्लूए(आर्मी वूमैन वैलफेयर एसोसिएशन), राजीविका राजस्थान और बुनकर सेवा केन्द्र के लिये भी यह प्लेटफॉर्म तैयार किया गया है। इवेंट का लक्ष्य फ्लो मेम्बर्स, स्थानीय कारीगरों को बढ़ावा देना है और अपनी विरासत, संस्कृति, डाइंग आर्ट को संजोना है। 'वोकल फॉर लोकल' की अवधारणा पर यह एक्जीबीशन आयोजित की जा रही है। उन्होंने बताया कि युवाओं का इस इवेंट में विशेष योगदान रहेगा। कई स्टॉल्स को युवाओं के द्वारा पहली बार लगाई जायेगी।

# वर्षा ऋतु के अंतिम चरण में बढ़ रहे स्वास्थ्य जोखिम

**नई दिल्ली@ एजेन्सी।** मानसून अब अपने अंतिम चरण में पहुंच चुका है। आयुर्वेद में इसे वर्षा ऋतु के नाम से जाना जाता है और इस समय सबसे ज्यादा शरीर में वात दोष का प्रकोप देखा जाता है। विशेषज्ञों के अनुसार, इस मौसम में वात दोष के असंतुलन के कारण स्नायु संबंधी विकार, जैसे जोड़ों में दर्द, पीठ दर्द और थकावट की समस्या बढ़ जाती है। साथ ही, पित्त का संचय भी शुरू हो जाता है, जिससे यकृत यानी लिवर, पित्ताशय और मूत्र मार्ग से जुड़ी बीमारियों का खतरा बढ़ सकता है। आयुर्वेदाचार्यों का मानना है कि इस ऋतु में अगर आहार और दिनचर्या में सावधानी न बरती जाए तो मौसमी बीमारियां जल्दी जकड़ लेती हैं। रोग प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत बनाए रखने के लिए कुछ प्रभावी उपाय किए जा सकते हैं। आयुर्वेद में सबसे पहले, अदरक पाउडर के साथ गुनगुना पानी पीने की सलाह दी जाती है, जिससे पाचन तंत्र सक्रिय रहता है और वात का संतुलन बना रहता है। दही और हरी पत्तेदार सब्जियों से इस मौसम में परहेज करना चाहिए। क्योंकि इस ऋतु में पत्तेदार सब्जियों को साफ करना काफी मुश्किल होता है। मिट्टी, कीड़े और लार्वा जैसे तत्व पत्तों में इस कदर छुप जाते हैं कि साधारण पानी से धोने पर भी पूरी तरह साफ नहीं हो पाते हैं। वहीं नमी के कारण यह जल्दी सड़ भी जाते हैं।

# 'शक्तिपीठ और ज्योतिर्लिंग'

पाकिस्तान में हिंगलाज माता का शक्तिपीठ स्थित है। बंग्लादेश में सात, तिब्बत और श्रीलंका में तीन-तीन और भूटान में एक शक्तिपीठ है। उल्लेखनीय है कि शक्ति पीठों की संख्या एवं स्थानों के बारे में विभिन्नता है। यद्यपि कुछ स्थल दूसरों की तुलना में अधिक प्रसिद्ध हैं। माना जाता है कि बंगाल क्षेत्र में सबसे ज्यादा शक्तिपीठ हैं। जहां तक ज्योतिर्लिंग का प्रश्न है- ज्योतिर्लिंग शिव के उन दिव्य रूपों को कहते हैं, जहां उन्होंने स्वयं को ज्योति के रूप में प्रकट किया। ज्योतिर्लिंग शिव की अनंत अखंड और निराकार शक्ति का प्रतीक है। इन स्थलों पर भगवान शिव की पूजा लिंग रूप में होती है, जो उनकी सर्वोच्य चेतना और ऊर्जा का संकेत देती है। **- क्रमश:**

**- पीसी वर्मा पूर्व उपायुक्त, वाणिज्यिक कर,जयपुर**

RSWM Limited
an LNJ Bhilwara Group Company

**आर एस डब्लू एम लिमिटेड**

**सीआईएन: L17115RJ1960PLC008216**
**पंजीकृत कार्यालय:** खारीग्राम, पोस्ट गुलाबपुरा, जिला भीलवाड़ा-311021, राजस्थान
फोन: +91-1483-223144 से 223150, 223478, फैक्स: +91-1483-223361, 223479
**कॉर्पोरेट कार्यालय** : भीलवाड़ा टॉवर्स, ए - 12, सेक्टर - 1, नोएडा - 201 301 (उ.प्र.)
फोन: +91-120-4390300 (EPABX), फैक्स: +91-120-4277841
ईमेल: rswm.investor@lnjbhilwara.com; वेबसाइट: http://www.rswm.in

**64वीं वार्षिक आम बैठक, रिमोट ई-वोटिंग/ ई-वोटिंग तथा पुस्तक बंदी की सूचना**

5 अगस्त, 2025 को जारी किए गए हमारे समाचार-पत्र के विज्ञापन के क्रम में, एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि आरएसडब्ल्यूएम लिमिटेड **("कम्पनी")** की **64वीं वार्षिक आम बैठक ("एजीएम") शुक्रवार, 5 सितम्बर, 2025 को 2:00 बजे अपराह्न** वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग **("वीसी")**/अन्य ऑडियो विजुअल साधनों **("ओएवीएम")** के माध्यम से, कार्यक्रम स्थल पर सदस्यों की भौतिक उपस्थिति के बिना, 64वी एजीएम की सूचना में निर्दिष्ट सामान्य एवं विशेष व्यवसायों के सम्पादन हेतु आयोजित की जाएगी। बैठक का स्थान कम्पनी का पंजीकृत कार्यालय खारीग्राम, पी.ओ. गुलाबपुरा-311 021, जिला भीलवाड़ा, राजस्थान माना जाएगा।

कॉरपोरेट कार्य मंत्रालय (एमसीए) द्वारा जारी सामान्य परिपत्र संख्या 09/2024 दिनांकित 19 सितम्बर, 2024 एवं सेबी द्वारा जारी परिपत्र संख्या SEBI/HO/CFD/CFDPoD-2/P/CIR/2024/133 दिनांकित 3 अक्टूबर, 2024 **("सेबी परिपत्र")** एवं जारी किए गए अन्य लागू परिपत्रों और अधिसूचनाओं (जिनमें वर्तमान में लागू कोई भी वैधानिक संशोधन या पुनः अधिनियमन शामिल हैं) और यथा समय यथा संशोधित, के अनुपालन में कम्पनियों को एजीएम, वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग **("वीसी")** अथवा अन्य ऑडियो विजुअल साधनों **("ओएवीएम")** के माध्यम से, एक सामान्य स्थल पर सदस्यों की भौतिक उपस्थिति के बिना, आयोजित करने की अनुमति है। उक्त परिपत्रों के अनुपालन में, एजीएम का आयोजन वीसी/ओएवीएम के माध्यम से किया जाएगा। अतः सदस्य वीसी/ओएवीएम के माध्यम से एजीएम में उपस्थित हो सकते एवं भाग ले सकते हैं।

लागू परिपत्रों के अनुपालन में, कम्पनी के 64वीं एजीएम की सूचना एवं एकीकृत वार्षिक रिपोर्ट जिसमें वित्तीय वर्ष 2024-25 के अंकेक्षित वित्तीय विवरण शामिल हैं, निदेशकों की रिपोर्ट, अंकेक्षकों की रिपोर्ट इसके अतिरिक्त अन्य वांछित संलग्नक दस्तावेजों सहित, **12 अगस्त, 2025** को इलेक्ट्रॉनिक माध्यम द्वारा कम्पनी के सदस्यों, जिनका ईमेल पता कम्पनी/डिपॉजिटरी प्रतिभागी(ओं) के साथ पंजीकृत है, को प्रेषित कर दी गई हैं। जिन सदस्यों का ईमेल पता कम्पनी/डिपॉजिटरी प्रतिभागी के पास पंजीकृत नहीं है, उन्हें एकीकृत वार्षिक रिपोर्ट एवं एजीएम की सूचना का वेब लिंक/पथ तथा क्यूआर कोड प्रदान करते हुए 12 अगस्त, 2025 को पंजीकृत/स्पीड पोस्ट द्वारा एक पत्र भेजा गया है। 64वें एजीएम की सूचना एवं एकीकृत वार्षिक रिपोर्ट की भौतिक प्रति उन सदस्यों को भेजी जाएगी जो इसके लिए अनुरोध करेंगे।

कम्पनी के 64वीं एजीएम की सूचना तथा वार्षिक रिपोर्ट कम्पनी की वेबसाइट **www.rswm.in** पर, स्टॉक एक्सचेंजों अर्थात् बीएसई लिमिटेड की वेबसाइट **www.bseindia.com** एवं नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड की वेबसाइट **www.nseindia.com** पर तथा एनएसडीएल (रिमोट ई-वोटिंग एवं एजीएम के दौरान ई-वोटिंग की सुविधा प्रदान करने हेतु एजेंसी) की वेबसाइट अर्थात् **www.evoting.nsdl.com** पर भी उपलब्ध है।

**रिमोट ई-वोटिंग एवं एजीएम के दौरान ई-वोटिंग हेतु निर्देश:**

कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 108 के साथ पठित कम्पनी (प्रबंधन और प्रशासन नियम), 2014 (यथा संशोधित) के नियम 20 एवं सेबी (सूचीबद्धता बाध्यताएँ और प्रकटीकरण अपेक्षाएँ) विनियम, 2015 (यथा संशोधित) के विनियम 44 तथा लागू परिपत्रों के अनुपालन में, कम्पनी अपने सदस्यों को, 64वीं एजीएम की सूचना में निर्दिष्ट व्यवसाय(ओं) के एजीएम में संपादित होने के सम्बन्ध में, नेशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेड (एनएसडीएल) - अधिकृत एजेंसी के माध्यम से, रिमोट ई-वोटिंग/के साथ एजीएम के दौरान ई-वोटिंग के द्वारा अपना वोट इलेक्ट्रॉनिक तौर पर डालने की सुविधा प्रदान कर रही है।

डिमैटेरियलाइज्ड तौर पर, भौतिक तौर पर शेयर प्रतिरक्षित रखने वाले शेयरधारक एवं ऐसे शेयरधारक जिन्होंने अपना ईमेल पता पंजीकृत नहीं कराया है, हेतु ई-वोटिंग की प्रणाली एजीएम की सूचना में प्रदान की गई है। ई-वोटिंग हेतु लॉगिन विवरण सदस्यों को उनके पंजीकृत ईमेल पते पर उपलब्ध कराया गया है।

कम्पनी के सदस्यों का रजिस्टर एवं शेयर अंतरण पुस्तकें **शनिवार, 30 अगस्त, 2025** से **शुक्रवार, 5 सितम्बर, 2025 (दोनों दिवस सम्मिलित)** तक एजीएम के उद्देश्य से बंद रहेंगे।

**शुक्रवार, 29 सितम्बर, 2025 की कट-ऑफ तिथि** के अनुसार, भौतिक रूप में या डीमैटेरियलाइज्ड रूप में शेयर प्रतिरक्षित करने वाले सदस्य, इलेक्ट्रॉनिक रूप से अपना वोट डाल सकते हैं। वह व्यक्ति जिसका नाम सदस्यों के रजिस्टर या कट-ऑफ तिथि **अर्थात् शुक्रवार, 29 सितम्बर, 2025** के अनुसार डिपॉजिटरियों द्वारा अनुरक्षित लाभार्थियों के रजिस्टर में दर्ज हो, केवल वही रिमोट ई-वोटिंग के साथ ही वार्षिक आम बैठक के दौरान वोटिंग की सुविधा प्राप्त करने हेतु अधिकृत होगा।

रिमोट ई-वोटिंग की अवधि **मंगलवार, 2 सितम्बर, 2025 को 9:00 बजे पूर्वाह्न आरम्भ होगी** तथा **बृहस्पतिवार, 4 सितम्बर, 2025 को 5:00 बजे अपराह्न समाप्त होगी**। इसके पश्चात् रिमोट ई-वोटिंग मॉड्यूल एनएसडीएल द्वारा निष्क्रिय कर दिया जाएगा। उक्त तिथि एवं समय के उपरान्त रिमोट ई-वोटिंग की अनुमति नहीं दी जाएगी।

सदस्यों के वोटिंग का अधिकार **कट-ऑफ तिथि अर्थात् शुक्रवार, 29 सितम्बर, 2025** को कम्पनी की प्रदत्त समता शेयर पूँजी में उनकी हिस्सेदारी के अनुपात में होगा। वह व्यक्ति जिसका नाम सदस्यों/लाभार्थियों के रजिस्टर में कट-ऑफ तिथि को दर्ज हो, केवल वहीं रिमोट ई-वोटिंग/एजीएम में ई-वोटिंग की सुविधा का लाभ उठाने हेतु अधिकृत होंगे और जो व्यक्ति कट-ऑफ तिथि को सदस्य नहीं हैं, उन्हें एजीएम की सूचना को जानकारी मात्र के उद्देश्य से व्यवहृत करना चाहिए।

यदि कोई व्यक्ति सूचना के प्रेषण के पश्चात् परन्तु **कट-ऑफ तिथि अर्थात् शुक्रवार, 29 सितम्बर, 2025** के पूर्व कम्पनी का सदस्य बनता है तो वह अपने डीमैट अकाउंट संख्या/फोलियो संख्या, पैन, नाम एवं पंजीकृत पते के उल्लेख सहित **evoting@nsdl.co.in** पर अनुरोध भेजकर लॉगिन आईडी और पासवर्ड प्राप्त कर सकता है। ऐसे सदस्य कम्पनी द्वारा 64वीं एजीएम की सूचना में निर्दिष्ट प्रक्रिया से, ई-वोटिंग निर्देशों का उपयोग करके अपने वोट डाल सकते हैं। हालांकि, जो सदस्य पहले से ही ई-वोटिंग हेतु एनएसडीएल के साथ पंजीकृत हैं, वे रिमोट ई-वोटिंग/एजीएम में ई-वोटिंग के माध्यम से अपना वोट डालने के लिए अपने मौजूदा यूजर आईडी और पासवर्ड का उपयोग कर सकते हैं।

ई-वोटिंग की सुविधा एजीएम में उपलब्ध कराई जाएगी एवं एजीएम में भाग लेने वाले सदस्य, जिन्होंने पहले से अपना वोट नहीं डाला है, 64वीं एजीएम सूचना में निर्दिष्ट व्यवसाय(ओं) पर अपना वोट इलेक्ट्रॉनिक रूप से डाल सकते हैं। जिन सदस्यों ने रिमोट ई-वोटिंग द्वारा अपना वोट डाला है, वे एजीएम में सम्मिलित हो सकते हैं, परन्तु एजीएम में पुनः अपना वोट डालने हेतु अधिकृत नहीं होंगे।

वे सदस्य, जिनका ईमेल पता एवं बैंक विवरण कम्पनी या उनके सम्बद्ध डिपॉजिटरी प्रतिभागी/ओं के साथ पंजीकृत नहीं है, उनसे अनुरोध है कि नीचे दिए गए चरणों का पालन करके अपना ईमेल पता एवं बैंक विवरण पंजीकृत करें:

| | |
|---|---|
| **भौतिक शेयर धारिता के मामले में** | कम्पनी के रजिस्ट्रार व ट्रांसफर एजेंट अर्थात् **एमसीएस शेयर ट्रान्सफर एजेंट लिमिटेड (यूनिट: आरएसडब्ल्यूएम लिमिटेड)** 179-180, डीएसआईडीसी, तृतीय तल, ओखला इंडस्ट्रियल एरिया, फेज-I, नई दिल्ली-110020 को फॉर्म **ISR-1** में सहायक दस्तावेजों सहित विधिवत हस्ताक्षरित अनुरोध पत्र भेजें या उसकी स्कैन की गई प्रति **helpdeskdelhi@mcsregistrars.com** पर ईमेल करें तथा ईमेल पता पंजीकृत करने हेतु निम्नलिखित विवरण प्रदान करें: **क)** फोलियो नंबर, **ख)** शेयरधारक का नाम, **ग)** ईमेल पता, **घ)** पैन कार्ड की प्रतिलिपि (स्वप्रमाणित), **ङ)** आधार की प्रतिलिपि (स्वप्रमाणित), **च)** शेयर प्रमाण पत्र की प्रतिलिपि (आगे व पीछे), **छ)** संपर्क नंबर<br>बैंक खाता विवरण अद्यतन करने के मामले में निम्नलिखित अतिरिक्त विवरण/दस्तावेज प्रदान करने की आवश्यकता है: **क)** बैंक का नाम तथा शाखा जिसमें आप लाभांश प्राप्त करना चाहते हैं, **ख)** बैंक खाता प्रकार, **ग)** बैंक खाता संख्या, **घ)** MICR कोड संख्या, **ङ)** आईएफएससी कोड, एवं **च)** प्रथम शेयरधारक के नाम वाले रद्द किए गए चेक की प्रति |
| **डीमैट शेयर धारिता के मामले में** | कृपया अपने डिपॉजिटरी प्रतिभागी (डीपी) से संपर्क करें और अपने डीपी द्वारा सलाह दी गई प्रक्रिया के अनुसार अपना ईमेल पता तथा बैंक खाता विवरण अपने डीमैट खाता में पंजीकृत करें। |

कम्पनी के निदेशक मंडल ने ई-वोटिंग प्रक्रिया के निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से जांच हेतु श्री महेश कुमार गुप्ता, संव्यावसायिक कम्पनी सचिव (सदस्यता संख्या एफसीएस 2870), मेसर्स महेश कुमार गप्ता एंड कम्पनी, की संवीक्षक के तौर पर नियुक्ति की है।

परिणाम की घोषणा वार्षिक आम बैठक के समापन के दो दिवस के अन्दर, कम्पनी की वेबसाइट **www.rswm.in** पर, एनएसडीएल (रिमोट ई-वोटिंग/एजीएम के दौरान ई-वोटिंग सुविधा उपलब्ध कराने वाली एजेंसी) की वेबसाइट अर्थात् **www.evoting.nsdl.com** पर प्रदर्शित कर तथा स्टॉक एक्सचेंजों अर्थात् बीएसई लिमिटेड **www.bseindia.com** पर एवं नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड **www.nseindia.com** में फाइलिंग कर की जाएगी। इन्हें कम्पनी के पंजीकृत कार्यालय एवं कॉर्पोरेट कार्यालय के सूचना पट्ट पर भी प्रदर्शित किया जाएगा। मतों की अपेक्षित संख्या के शर्तानुरूप, प्रस्तावों को एजीएम की तिथि अर्थात् 5 सितम्बर, 2025 को पारित माना जाएगा।

किसी भी प्रश्न के मामले में, सदस्य **www.evoting.nsdl.com** के डाउनलोड अनुभाग में उपलब्ध शेयरधारकों हेतु 'फ्रीक्वेंटली आस्कड क्वेश्चनस'(FAQs)एवं शेयरधारकों हेतु ई-वोटिंग यूजर मैन्युअल संदर्भित कर सकते हैं अथवा टोल फ्री नंबर 022-4886 7000 एवं 022-4886 7000 पर फोन कर सकते हैं अथवा **evoting@nsdl.co.in** पर अनुरोध भेज सकते हैं। रिमोट ई-वोटिंग या ई-वोटिंग की सुविधा से जुड़ी किसी भी शिकायत हेतु, कृपया सुश्री पल्लवी म्हात्रे, वरिष्ठ प्रबंधक, एनएसडीएल को निर्दिष्ट ईमेल आईडी: **evoting@nsdl.co.in** से संपर्क करें।

**मंडल के आदेशानुसार**
**कृते आर एस डब्ल्यू एम लिमिटेड**
**हास्ता/-**
**सुरेन्दर गुप्ता**
**वी.पी. लीगल व कम्पनी सचिव**
**एफसीएस-2615**

**स्थान:** नोएडा (उ.प्र.)
**दिनांक:** 12 अगस्त, 2025